Youth Conclave

आपदा जोखिम न्यूनीकरण अभियान में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

जासं, पटना : कैरिटास इंडिया, पटना विश्वविद्यालय और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में यूथ कान्क्लेव का आयोजन भूगोल विभाग के सभागार में हुआ। इसमें पटना स्थित 10 महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक शामिल हुए और आपदा प्रबंधन तथा पोषण क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। समारोह का उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केसी सिन्हा ने किया। कैरिटास इंडिया के कार्यक्रम प्रबंधक डा. जैसन वर्गीस ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण में किए गए कार्यों के साथ समुदाय के सदस्यों में व्यवहारिक परिवर्तन लाना है। कैरिटास इंडिया के अध्यक्ष आर्कबिशप सेबेस्टियन कल्लूपुरा ने अतिथियों का स्वागत किया।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

पटना. कैरिटास इंडिया, पटना विश्वविद्यालय और एनएसएस की ओर से रविवार को यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन भूगोल विभाग के सभागार में किया गया. इसमें पटना स्थित 10 महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक शामिल हुए और आपदा प्रबंधन तथा पोषण क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की. उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केसी सिन्हा ने किया.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार में आपदा जोखिम न्यूनीकरण अभियान में युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए. कैरिटास इंडिया के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ जैसन वर्गीस ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण में किये गये कार्यों के साथ समुदाय के सदस्यों में व्यावहारिक



परिवर्तन लाना है. कैरिटास इंडिया के अध्यक्ष आर्कबिशप सेबेस्टियन कल्लूपुरा ने अतिथियों का स्वागत किया. मौके पर मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो अतुल आदित्य पांडेय, भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार, प्रो वीरेंद्र प्रसाद, प्रो सुहेली मेहता मौजूद रहे.

Scanned by CamScanner